दिन– रविवार दिनांक– 12 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने चिकित्सकों के निजी प्रैक्टिस पर रोक लगायी। नियमावली का पालन करने वाले डॉक्टरों को मिलेगा विशेष भत्ता और प्रोत्साहन राशि।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चौदह अप्रैल को अपने पद से दे सकते हैं इस्तीफा। पन्द्रह अप्रैल को राज्य की नई सरकार के गठन की सम्भावना।

03. राज्य में संशोधित सरकारी सेवक आचार नियमावली लागू। सरकारी सेवक बिना अनुमति नहीं रख सकेंगे सोशल मीडिया पर अपनी निजी राय।

04. और, कटिहार के कोढ़ा में भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर तेरह हुई। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया।

————————————————————————————

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में लगभग इक्कीस घंटे तक चली संयुक्त राज्य अमरीका और ईरान के बीच वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई है। अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि बातचीत सार्थक रही, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। अमरीकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य मतभेद ईरान से परमाणु हथियार न बनाने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को लेकर है।

———सांउड बाईट———

इससे पहले, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान सरकार द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक बयान में तेहरान ने संकेत दिया था कि कुछ मतभेद बने रहने के बावजूद संवाद जारी रहेगा। यह बैठक वॉशिंगटन और तेहरान के बीच कई दशकों में सबसे उच्चस्तरीय प्रत्यक्ष वार्ता रही। वार्ता के प्रमुख मुद्दों में पश्चिम एशिया में युद्धविराम, अमेरिका में रोकी गई ईरानी संपत्तियों की रिहाई और हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य से जुड़े विषय शामिल थे। इस वार्ता में अमरीकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने किया। उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर सहित वरिष्ठ सलाहकार मौजदू थे। वही, ईरानी संसद अध्यक्ष और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख मोहम्मद बाकर क़लीबाफ़, विदेश मंत्री अब्बास अराघची और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख अली बाघेरी–कानी भी वार्ता में शामिल हुए।

————————————————————————————

देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। केन्द्र सरकार के अनुसार अब तक इक्यावन लाख पचास हजार से ज्यादा सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों ने दो सौ चौदह एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और पचपन वितरकों के लाइसेंस निलंबित कर दिये हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

23 मार्च से अब तक छात्रों और प्रवासी मजदूरों को पांच किलोग्राम के 12 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडरों बिक्री की गई है। उर्वरक संयंत्रों के कुल गैस आवंटन में 5 प्रतिशत की और वृद्धि की जा रही है। मार्च से अब तक लगभग चार लाख पंद्रह हजार पीएनजी कनेक्शन चालू किये गये हैं। करीब चार लाख 55 हजार अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है। अब तक 26 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन वापस किए हैं। इस बीच, भारतीय ध्वज वाले पोत जग विक्रम ने आज होर्मुज जलदृडमरूदृमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया। इसके 15 अप्रैल तक मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। उधर, समूचे खाड़ी क्षेत्र में भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के साथ निरंतर संपर्क में हैं। 28 फरवरी से अब तक पश्चिम एशिया से लगभग 8 लाख 71 हजार भारतीय वापस आये हैं। सुपर्णा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्र सरकार ने डीजल पर निर्यात शुल्क साढ़े इक्कीस रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर साढ़े पचपन रुपये प्रति लीटर कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने जानकारी दी है कि विमानन टरबाइन ईंधन पर भी शुल्क साढ़े उनतीस रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर बयालीस रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं, पेट्रोल पर निर्यात शुल्क शून्य रहेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगा दी है। स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर सहमति देते हुए सरकार ने कहा है कि एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत कार्यरत बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग और बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग के चिकित्सक निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। इसके साथ ही इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्सक और चिकित्सक शिक्षक भी अब किसी प्रकार की निजी प्रैक्टिस नहीं कर पायेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इसके बदले चिकित्सकों को विशेष भत्ता अथवा अन्य प्रोत्साहन राशि मिलेगी। विभाग के अनुसार इस आशय का दिशा–निर्देश अलग से जारी किया जायेगा। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग की मुख्य निदेशक डॉक्टर रेखा झा की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी ने सरकारी चिकित्सकों के निजी प्रैक्टिस से उत्पन्न हालात के अध्ययन के बाद निजी प्रैक्टिस को प्रतिबंधित करने की सिफारिश की थी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन फाईव प्वाइंट ओ का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें राज्य के सात समेत देशभर से कुल पांच सौ दो नवाचारी आइडियाज का चयन किया गया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

बिहार को देश में तेरहवां स्थान मिला है। इसमें प्रत्येक नवाचारों को व्यवसायिक रूप के लिए पन्द्रह लाख रूपये तक की राशि मिलेगी। इस सफलता में पटनाके चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, सीआईएमपी के इन्क्यूबेशन सेंटर सीआईएमपी बीआईआएफ की अग्रणी भूमिका रही है। इसके कुल 4 इन्क्यूबेट्स का चयन इस वर्ष हुआ है – इनमें से 3 का चयन सीआईएमपी होस्ट इंस्टीट्यूट के माध्यम से हुआ। 1 अन्य इन्क्यूबेटी दूसरे संस्थान के माध्यम से चयनित हुआ है। सीआईएमपी होस्ट इंस्टीट्यूट से चयनित इन्क्यूबेट्स में राहुल कुमार (शैडो ग्रिड) को स्टील्थ, सर्विलांस एंड साइबर डिफेंस टेक्नोलॉजीज थीम के तहत 15 लाख रुपये, केशव कुमार (प्रोजेक्ट स्टारलाइन) को एआई–पावर्ड स्टील्थ ग्लाइडर ड्रोन के आइडिया के लिए 15 लाख रुपये, और सूरज कुमार (चिल रूफ) को पर्यावरण–अनुकूल कूलिंग टाइल्स के नवाचार के लिए 14 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह और सीईओ कुमोद कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि बिहार के युवाओं की बदलती सोच दर्शाती है। आकाशवाणी समाचार के लिए अनुपम कुमार

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चौदह अप्रैल को अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। पन्द्रह अप्रैल को राज्य की नई सरकार के गठन की सम्भावना है। नई सरकार का फॉर्मूला लगभग तय हो गया है। सरकार में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। इसमें दो उपमुख्यमंत्री के भी शपथ लेने की सम्भावना है। इधर, कल शाम उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने राज्यपाल से मुलाकात की है। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों नेताओं ने नई सरकार के गठन को लेकर चर्चा की है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार सरकारी सेवक आचार (संशोधन) नियमावली, दो हजार छब्बीस को लागू कर दिया है। अब कोई भी सरकारी सेवक बिना अनुमति के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, एक्स या इंस्टाग्राम पर सरकार की नीतियों–योजनाओं और अदालतों विशेष कर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसलों पर अपनी निजी राय जाहिर नहीं कर सकेंगे। यदि कोई सरकारी कर्मी ऐसा करता है, तो इसे सीधा कदाचार समझा जायेगा। राज्य सरकार ने नियमावली को बिहार गजट में प्रकाशित कर दिया है। इसके साथ ही सरकारी कर्मी किसी भी प्रकार के सांकेतिक विरोध के प्रतीक को लेकर सरकारी, व्यक्तिगत सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर डीपी या प्रोफाइल पिक्चर नहीं बनायेंगे। किसी संगठन या राजनीतिक दल से संबंधित प्रतीक भी नहीं लगायेंगे। किसी व्यक्ति को ट्रोल या बुली नहीं करेंगे। नियमावली के अनुसार यदि किसी सरकारी सेवक को सरकार या विहित प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया गया हो, तब ऐसा किया जाना इस प्रावधान का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कटिहार जिले के कोढ़ा में कल शाम हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर तेरह हो गयी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे को बेहद दर्दनाक बताया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राहत कोष से मृतक के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों को पचास–पचास हजार रुपये दिए जाएंगे। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुये मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। गौरतलब है कि जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग– इकतीस पर कोढ़ा प्रखंड के बसगढ़ा चौक के पास एक बस, पिकअप और मोटरसाइकिल में भीषण टक्कर हो गयी थी।

————————————————————————————

राज्य में लू और बाढ़ जैसी आपदा से बचाव की तैयारी शुरू कर दी गयी है। आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़ प्रभावित जिलों को समय से तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। विभाग के सचिव ने सभी जिलों को मानक संचालन प्रक्रिया, एसओपी भेजी है। निर्देश में कहा गया है कि राहत सामग्री दर का निर्धारण पन्द्रह मई और अन्य कार्य इकतीस मई तक पूरे कर लिए जाएं। गौरतलब है कि राज्य के पंद्रह जिले बाढ़ समभावित स्थिति को लेकर अतिसंवेदनशील माने गये हैं।

————————————————————————————

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क केंद्रों पर सभी उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान दस अप्रैल से केवल फास्टैग या यू.पी.आई. के माध्यम से किया जा रहा है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया के कारण लागू आचार संहिता को देखते हुए तमिलनाडु, केरलम, असम और पश्चिम बंगाल के साथ–साथ केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में यह बदलाव लागू नहीं किया गया है।

————————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज में पिछले दिनो दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने जिलेवासियों से सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर सांप्रदायिक, भड़काऊ और कानून व्यवस्था को प्रभावित करनेवाले पोस्ट शेयर या फार्वर्ड करने से बचने की अपील की है।

————————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के आदापुर थाना में निगरानी विभाग ने बड़ी कारवाई करते हुए एक निजी मुंशी इंतखाब आलम को चौदह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने जिले के निजी विद्यालयों के संचालकों, प्रबंधकों और प्राचार्य के साथ समीक्षात्मक बैठक की हैं।

———————————————————————————

सहरसा के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पेट्रोल पंप से अपराधियों ने अठारह हजार रुपये लूट लिए। लूट पाट के दौरान अपराधियों ने एक पेट्रोल पंप कर्मी को गोली मारकर घायल कर दिया।

———————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज दो मुकाबले खेले जायेंगे। पहला मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स के बीच दोपहर साढ़े तीन बजे से शुरू होगा। दूसरे मुकाबला मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स के बीच शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग – अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की विशेष खबर है– गंगा ने वैशाली, बक्सर और सारण में अपनी धारा बदली। वैशाली में राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर एक सौ बाईस–बी तक पहुंची, जबकि बक्सर में स्थिति गम्भीर।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है–बैंक में रखी रकम पर साईबर सेंध तो बैंक करेगा भुगतान। नया नियम एक जुलाई से।

दैनिक भास्कर लिखता है– बिहार पंचायत चुनाव में ग्यारह चरणों में होगी वोटिंग। पहली बार मल्टी पोस्ट ईवीएम से मतदान।

प्रभात खबर ने कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा पर शीर्षक दिया है– एसएससी जीडी की परीक्षा सत्ताईस अप्रैल से होगी शुरू।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने चिकित्सकों के निजी प्रैक्टिस पर रोक लगायी। नियमावली का पालन करने वाले डॉक्टरों को मिलेगा विशेष भत्ता और प्रोत्साहन राशि।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चौदह अप्रैल को अपने पद से दे सकते हैं इस्तीफा। पन्द्रह अप्रैल को राज्य की नई सरकार के गठन की सम्भावना।

03. राज्य में संशोधित सरकारी सेवक आचार नियमावली लागू। सरकारी सेवक बिना अनुमति नहीं रख सकेंगे सोशल मीडिया पर अपनी निजी राय।

04. और, कटिहार के कोढ़ा में भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर तेरह हुई। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।